लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत

University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref.No. ....129..........

Date 08/04/2024

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की **सम सेमेस्टर–2024 के** नियमित/बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट एवं इक्जेम्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.lkouniv.ac.in** पर भरने की अंतिम तिथि विभिन्न त्योहारों के दृष्टिगत छात्रहित में **दिनांक 15.04.2024 तक विस्तारित की जाती है।**

1. समस्त छात्रों द्वारा शासन के निर्देशानुसार एकेडमिक बैक ऑफ केडिट पोर्टल (https//www.abc.gov.in) पर अनिवार्य रूप से **ABC/APAAR ID (Academic Bank of Credit/Automated Permanent Academic Account Registry ID)** बनायी जानी है। बिना उक्त आई0डी0 के को परीक्षाफार्म अग्रसारित नही किया जायेगा।
2. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 18.04.2024 तक अनिवार्य रूप** से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
3. विश्वविद्यालय परिसर के बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरने के साथ ही स्टूडेन्ट लॉगिन के माध्यम से परीक्षा शुल्क भी जमा किया जाना है, **शुल्क का विवरण परीक्षाफार्म पर उपलब्ध है।** भरे गये परीक्षाफार्म को सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 18.04.2024** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
5. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष एवं सहयुक्त महाविद्यालय ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्मो को लॉगिन से अग्रसारित किये जाने से पूर्व अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित कर लें कि समस्त छात्रों द्वारा अपनी उक्त आई0डी0 बना ली गयी है।
6. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए निर्धारित चालान का भुगतान कालेज लॉगिन पर उपलब्ध पेमेंन्ट गेटवे के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क को जमा करते हुए सूची विश्वविद्यालय को दिनांक 18.04.2024 तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. विषय एवं नाम परिर्वतन हेतु विद्यार्थी का परीक्षाफार्म रिसेट करने की सुविधा महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध है।
8. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु **Helpline number 7897999211 , 7897992064 WhatsApp No. 7897992062, Landline no. 0522-4150500 and E-mail lu.support@otpl.co.in** पर मेल कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 15.04.2024 के उपरान्त कोई तिथि विस्तारित नही की जायेगी।

8.4.2024.
(विद्या नन्द त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म अनिवार्य रूप से निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

8.4.2024.
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय। 8/4/24